आईआईएम..एगॉन रश में 10 हजार से अधिक स्टूडेंट्स जुटे

सिंगिंग में एमिटी विवि की नंदिनी व प्लूटस में आईआईएम, रांची विजेता

सिटी रिपोर्टर . रांची

आईआईएम रांची में एनुअल मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट एगॉन रश-2021 के दूसरे दिन देशभर के शीर्ष बी-स्कूलों के 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। वर्चुअल मोड पर हो रहे फेस्ट में शनिवार को 20 से अधिक मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुईं। सिंगिंग इवेंट ड्रिफ्टिंग रिद्म में 25 प्रतिभागियों ने लाइव परफॉर्म किया। जज के रूप में शास्त्रीय संगीतकार हरिया बनर्जी मौजूद थीं। इसमें एमिटी यूनिवर्सिटी रांची की नंदिनी सिन्हा विजेता बनीं। सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन की जननी हामिनी नरसिम्हन ने दूसरा पुरस्कार जीता। इसके अलावा इनकेस : फ्लैगशिप लाइव केस स्टडी कंपीटिशन, वोरस्टैंड-केस स्टडी, मार्केस, चेस, एनालाइसिस केस, टेरा न्यूलियस, कैरम, परिधि, क्रिकेट मंडी, थिंक-ओ-वेशन, एंटरप्रेन्योरशिप कोटिएंट जैसी प्रतियोगिताएं हुईं।

ऑनलाइन परफॉरम करतीं छात्राएं।

ये बने विजेता : आईआईएम, रांची के फाइनेंस क्लब ने व्यापार मूल्यांकन प्रतियोगिता प्लूटस आयोजित की। इसमें आईआईएम रांची की टीम ब्यूसाइड ब्वॉयज विजेता व एनएमआईएमएस की टीम बैकबैंचर्स उपविजेता बनी। क्रैक द केस 6.0 में एनआईटीआईई टीम फर्स्ट, जीआईएम गोवा सेकंड व आईआईएम रांची की टीम थर्ड हुई। मैन्यूवर 6.0 में आईआईएम रांची की टीम कंविवियल क्रॉज फर्स्ट व द थिंकर्स एक्सआईएमबी भुवनेश्वर टीम सेकंड हुई।

Dainik Bhaskar, 07.02.2021, Pg. 06